संयुक्त संचालक, कौशल विकास,
क्षेत्रीय कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें,
उज्जैन क्षेत्र उज्जैन म0प्र0

दूरभाष 0734–2922207 ई–मेल **jdofficeujjain@gmail.com**

**उज्जैन क्षेत्र स्थित शा0सं0औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उज्जैन मे प्रशिक्षण कार्य हेतु मेहमान प्रवक्ताओ हेतु ऑफलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत्**

## / /विज्ञप्ति/ /

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संयुक्त संचालक, कौशल विकास उज्जैन क्षेत्र, मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उज्जैन (आईटीआई) में प्रशिक्षण अधिकारियों क रिक्त पदों के विरुद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु मेहमान प्रवक्ताओ के ऑफलाईन आमंत्रित किये जाते है। पद नाम, संख्या एवं आरक्षण का ब्यौरा निम्नानुसार है:–

| स0क0 | आईटीआई का नाम | ट्रेड | रिक्त पद संख्या | वर्टिकल आरक्षण | होरिजेंटल आरक्षण (महिला/ओपन) | होरिजेंटल आरक्षण (डिग्री–डिप्लोमा/ओपन) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शा0सं0आईटीआई उज्जैन MPPLR | इटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी) | 1 | अनारक्षित | महिला | डिग्री–डिप्लोमा |
| 2 | | | 1 | अन्य पिछडा वर्ग | ओपन | ओपन |
| 3 | | पेंटर जनरल | 1 | ईडब्ल्यूएस | ओपन | डिग्री–डिप्लोमा |
| 4 | | | 1 | अनुसूचित जनजाति | ओपन | ओपन |

इच्छुक एवं पात्र आवेदक शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उज्जैन को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन करने की **आरंभ तिथि 15.06.2026** है तथा आवेदन करने की **अंतिम तिथि 22.06.2026** तक है।

आयु सीमा आवेदन भरने की तिथि को 18 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए तथा अधिकतक आयुसीमा 62 वर्ष होगी। आवेदक को मध्यप्रदेश का मुल निवासी होना आवश्यक है। प्रवेश नही होने की स्थिति मे विज्ञप्ति पद के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता को आमंत्रण जारी नही किया जावेगा। महिला उम्मीवार नही होने की दशा मे संबंधित श्रेणी के पुरूष आवेदक को आमंत्रण जारी किया जावेगा। आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारियों की नियमित पदस्थापना (नवीन नियुक्ति, स्थानांतरण, पदोन्नति, आदि से) होने पर मेहमान प्रवक्ताओं का आमंत्रण स्वमेव समाप्त हो जावेगा।

मध्यप्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशन विकास विभाग मंत्रालय के **आदेश क्रमांक एफ–02–02–2022/42–2 भोपाल दिनांक 10.11.2023** में निहित समस्त अनुबंध की शर्तो के अनुसार मेहमान प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया जायेगा। आवेदन पत्र प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, समय सारणी, रिक्त स्थानों की जानकारी एवं आमंत्रण हेतु दिशा–निर्देश वेबसाईटः **www.mpskills.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।

संयुक्त संचालक, कौशल विकास,
उज्जैन क्षेत्र उज्जैन म0प्र0

MPPLR

संयुक्त संचालक, कौशल विकास,
क्षेत्रीय कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें,
उज्जैन क्षेत्र उज्जैन म0प्र0

दूरभाष 0734–2922207 ई–मेल idofficeujjain@gmail.com

**उज्जैन क्षेत्र स्थित शा0सं0औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उज्जैन मे प्रशिक्षण कार्य हेतु मेहमान प्रवक्ताओ हेतु ऑफलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत्**

**मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु दिशा–निर्देश**

म.प्र. शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के अधीन संयुक्त संचालक, कौशल विकास उज्जैन क्षेत्र, मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उज्जैन (आईटीआइ) में प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों के विरुद्ध प्रशिक्षण व्यवस्था हेतु मेहमान प्रवक्ताओ के ऑफलाईन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक एवं पात्र आवेदक शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था उज्जैन को निर्धारित प्रारूप मे आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**1. विज्ञापन**

- कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक–कौविस / ई–गवर्नेस / मेह. प्रव. / 2025 / 941/भोपाल, दिनांक 02/07/2025 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रशिक्षण अधिकारियों के रिक्त पदों के विरूद्ध मेहमान प्रवक्ता की रिक्तियों में दिए गए आरक्षण रोस्टर अनुसार विज्ञापन किया जा रहा है ।
- म.प्र.सा.प्र. विभाग द्वारा जारी नवीनतम 100 बिन्दु आरक्षण रोस्टर दिनांक 24/12/2019 (मध्यप्रदेश राजपत्र सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल दिनांक 24 दिसम्बर 2019) अनुसार आरक्षण, (जिसमें SC-16%, ST-20%, OBC-27%, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) को 10% आरक्षण दिया गया है)।
- विभागीय भर्ती नियम अनुसार 50% पद इंजीनियरिंग डिग्री/डिप्लोमाधारी उम्मीदवारों हेतु आरक्षण (यदि किसी संस्था में फिटर के 02 यूनिट संचालित है व 01 पद नियमित प्रशिक्षण अधिकारी (डिग्री/डिप्लोमाधारी) से भरा है तथा 01 पद रिक्त है, तो रिक्त पद पर डिग्री/डिप्लोमाधारी का आरक्षण लागू नहीं होगा। अतएव इस 01 रिक्त पद पर मेरिट अनुसार डिग्री/डिप्लोमा/आईटीआई धारी आ सकता है। इसके विपरित यदि 01 पद पर नियमित प्रशिक्षण अधिकारी (आईटीआई धारी) से भरा है, तो रिक्त पद डिग्री / डिप्लोमाधारी के लिए आरक्षित रहेगा। जहाँ 01 पद है वह डिग्री/डिप्लोमाधारी के लिए आरक्षित होगा तथा जहाँ विषम संख्या में 03 पद है वहाँ 02 पदों पर डिग्री / डिप्लोमाधारी का आरक्षण होगा)।
- महिलाओं के लिए 35% होरिजोन्टल आरक्षण।
- दिव्यांगजनों के लिए 6% होरिजोन्टल आरक्षण (शासन के नवीन निर्देशानुसार अब 03 की जगह 04 प्रकार की दिव्यांगता अधिसूचित की गई है)।

मेरिट अनुसार चयनित दिव्यांगजन जिस श्रेणी (अनु. जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / अनारक्षित) के होंगे, उसी श्रेणी की सीट पर इनका चयन होगा। अतएव पूर्व से

MPPLR

दिव्यांगजन की श्रेणी निर्धारित नहीं होती है, इसके लिए दिव्यांगजनों का चयन सर्वप्रथम कर लिया जावे।

चूँकि मेहमान प्रवक्ताओं की व्यवस्था संस्थाओं में तुरन्त तात्कालीक रूप से करनी होती है। अतः महिला व दिव्यांगजन उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर पदों को संबंधित श्रेणी के ओपन केटेगरी से सीटों को भरा जा सकेगा। विज्ञप्ति मे उल्लेखित व्यवसाय मे प्रवेश नही होने की दशा मे मेहमान प्रवक्ता आमंत्रण जारी नही किया जावेगा, इस हेतु भविष्य मे कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

**2.रिक्त पदों की आरक्षणवार जानकारी:–**

| स0क0 | आईटीआई का नाम | ट्रेड | रिक्त पद संख्या | वर्टिकल आरक्षण | होरिजेंटल आरक्षण (महिला / ओपन) | होरिजेंटल आरक्षण (डिग्री–डिप्लोमा / ओपन) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शा0सं0आईटीआई उज्जैन | इंटरनेट ऑफ थिंग्स (स्मार्ट सिटी) | 1 | अनारक्षित | महिला | डिग्री–डिप्लोमा |
| 2 | | | 1 | अन्य पिछडा वर्ग | ओपन | ओपन |
| 3 | | पेंटर जनरल | 1 | ईडब्ल्यूएस | ओपन | डिग्री–डिप्लोमा |
| 4 | | | 1 | अनुसूचित जनजाति | ओपन | टोपन |
| | योग | | **4** | | | |

3. **आवेदन शुल्कः–** आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है। आवेदक विभाग की वेबसाईट **www.mpskills.gov.in** पर जाकर संयुक्त संचालक, कौशल विकास, क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन द्वारा जारी विस्तृत विज्ञापन के साथ सलंग्न आवेदन **प्रारूप "अ"** का प्रिंटआउट लेकर, आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन निर्धारित प्रारूप मे प्रेषित करना अनिवार्य है। निर्धारित प्रारूप के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप मे आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।
4. **आयु सीमाः–** न्युनतम 18 वर्ष, अधिकतम आयुसीमा 62 वर्ष होगी।
(तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र एफ–02–02 / 2022 / 42–2 भोपाल दिनाँक 10 / 11 / 2023 के अनुसार अधिकतम आयुसीमा 62 वर्ष होगी)

**5. तकनीकी / शैक्षणिक अर्हताएँ:–** मेहमान प्रवक्ताओं की तकनीकी / शैक्षणिक योग्यता म०प्र० औद्योगिक प्रशिक्षण अराजपत्रित तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम 2009 संशोधन दिनांक 26 सितम्बर 2018 की अनुसूची तीन के अनुसार होगी। शेष व्यवसायों की शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता डीजीटी द्वारा निर्धारित योग्यता मान्य होगी।

MPPLR

| स0क0 | व्यवसाय(ट्रेड) का नाम | विहित अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | IoT तकनीशियन (स्मार्ट सिटी) ट्रेड | हाई स्कूल अथवा समतुल्य अथवा पुरानी पद्धति से 11 वी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ समस्त पदों के लिये संबंधित ट्रेड में एन.सी.व्ही.टी./एस.सी.वी.टी से ए.आई.टी.टी. (आई.टी.आई) / एनएसी (शिक्षुता) परीक्षा उत्तीर्ण.<br>अथवा<br>एआईसीटीई / यूजीसी से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेज / विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रॉनिक्स /इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार / इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार / इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि अथवा पॉलीटेक्निक से डिप्लोमा उत्तीर्ण |
| | पेंटर (जनरल) ट्रेड | हाई स्कूल अथवा समतुल्य अथवा पुरानी पद्धति से 11 वी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ समस्त पदों के लिये संबंधित ट्रेड में एन.सी.व्ही.टी./एस.सी.वी.टी से ए.आई.टी.टी. (आई.टी.आई) / एनएसी (शिक्षुता) परीक्षा उत्तीर्ण.<br>अथवा<br>एआईसीटीआई / यूजीसी से मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय /बोर्ड से सिविल (कंस्ट्रक्शन) /सिविल इंजीनियरिंग तथा प्लानिंग / कंस्ट्रक्शन / कंस्ट्रक्शन तथा मैनेजमेंट / कंस्ट्रक्शन तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेंट / बिल्डिंग तथा कंस्ट्रक्शन टेक्नालॉजी से इंजीनियरिंग / टेक्नालॉजी में स्नातक उपाधि अथवा पॉलीटेक्निक से डिप्लोमा उत्तीर्ण |

नोटः—

- आवेदक की एक से अधिक अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने पर आवेदन में **Base Qualification** का चयन करना होगा।

MPPLR

**6. ऑफ़लाइन आवेदन कैसे प्रस्तुत करें:—**

- ऑफलाइन आवेदन हेतु आवेदक का मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
- आवेदक द्वारा संलग्न निर्धारित आवेदन—प्रारूप में चाही गई समस्त जानकारी पूर्ण रूप से भरकर, आवेदन में अपेक्षित समस्त दस्तावेजों की स्व—प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न की जाएँ।
- आवेदन एवं संलग्न समस्त दस्तावेजों का विवरण पृष्ठवार इंडेक्स (कवर पृष्ठ) में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रत्येक रिक्त पद हेतु पृथक—पृथक आवेदन डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्न पते पर प्रेषित/जमा किया जाएगा।

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय संभागीय आईटीआई,**
**उदयन मार्ग, बागेश्वरी मंदिर के सामनें,**
**उज्जैन पिन कोडः— 456001**

**7. आई.टी.आई. एवं व्यवसाय (ट्रेड) की वरीयताः—**

मेहमान प्रवक्ताओं के चयन में आई.टी.आई. एवं व्यवसाय का आवंटन मेरिट एवं आवेदक द्वारा दर्शित वरीयता क्रम में शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण अनुसार किया जावेगा।

**8. आवेदन की जाँचः–**

आवेदकों के आवेदन की संयुक्त संचालक द्वारा गठित समीति द्वारा जाँच की जावेगी। जाँच हेतु आवेदकों से प्राप्त आवेदन एवं संबंधित सह दस्तावेज में दी गयी जानकारी का मिलान किया जावेगा, समस्त जानकारी का मिलान होने पर आवेदन का अनुमोदन / मिलान ना होने पर रिजेक्ट किया जावेगा।

आवेदन के मिलान की पुष्टि होने पर ही आवेदन मान्य होगा। अतः समस्त आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि वे आवेदन एवं सह दस्तावेज प्रस्तुत करते समय पूर्ण सावधानी रखें, आवेदन में चाहे गए समस्त दस्तावेज की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि आवश्य सलग्न करें एवं त्रुटिपूर्ण / असत्य जानकारी ना देवें। आवेदक द्वारा असत्य जानकारी देने की दशा में आवेदक पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

**9. वरीयता सूची का प्रकाशनः–**

शासकीय संभागीय आईटीआई उज्जैन द्वारा प्राप्त आवेदनो के परीक्षण उपरांत पात्र आवेदनो से तैयार वरियता सूची का प्रकाशन संस्था के सूचना पटल पर समयसारणी अनुसार निर्धारित दिनांक को चस्पा कर दी जावेगी। इसके अतिरिक्त व्यवसाय से संबंधित शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा / डिग्री अथवा आई.टी.आई. व उच्च अर्हता तथा अनुभव के आधार पर मार्किंग निम्नानुसार होगीः–

| Sr.No. | Component | Description | Weightage |
|---|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक / तकनीकी योग्यता | इंजी. डिप्लोमा / डिग्री अथवा आई.टी.आई (Base Qualification) के प्रतिशत का पूर्णांक x 0.7 | अधिकतम 70 अंक |
| 2 | उच्चतर योग्यता | (ATI/CTI/ITW/ITOT/RPL) से अनुदेशक प्रशिक्षण उत्तीर्ण | 03 अंक |
| | | संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग (पॉलिटेक्निक) डिप्लोमा | 02 अंक |
| | | संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग स्नातक / स्नातकोत्तर | 05 अंक |
| | | स्नातकोत्तर (एमई / एम.टेक.) हेतु अतिरिक्त अंक प्रदाय नहीं होंगे। | ----- |
| 3 | अनुभव | शासकीय आईटीआई या NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त आईटीआई में प्रशिक्षण कार्य हेतु प्रति वर्ष 4 अंक (छः माह से कम हेतु 0 अंक, छः माह से एक वर्ष तक 4 अंक) | अधिकतम 20 अंक |

नोटः–

- आवेदक की एक से अधिक अर्हकारी शैक्षणिक योग्यता होने पर आवेदन में **Base Qualification** का चयन करना होगा।

MPPLR

- उच्चतर अर्हता में से यदि किसी अर्हता को विहित अर्हता (**Base Qualification**) माना गया हो तो उस उच्चतर अर्हता के अतिरिक्त अंक प्राप्त नहीं होंगे।

- निजी आईटीआई के अनुभव प्रमाण पत्र के साथ EPF/ESCI स्लिप/बैंक स्टेटमेंट देने पर ही मान्य होगा।

**10. कार्यग्रहणः–**

मेहमान प्रवक्ता की व्यवस्था तत्कालीन परिस्थितियों में कम समय में की जानी है, अतः वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त आवेदक को दूरभाष पर संपर्क कर आमंत्रण ग्रहण करने हेतु सूचना प्रेषित की जाएगी। संबंधित आवेदक को उसी दिन आमंत्रण ग्रहण करना अनिवार्य होगा, अन्यथा अवसर सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त आवेदक को प्रदान किया जाएगा। यह प्रक्रिया वरीयता क्रम के अनुसार तब तक जारी रहेगी जब तक किसी आवेदक द्वारा आमंत्रण विधिवत् स्वीकार नहीं कर लिया जाता। आमंत्रण स्वीकार करने हेतु अतिरिक्त समय किसी भी स्थिति में प्रदान नहीं किया जाएगा।

कार्यग्रहण किये आवेदकों द्वारा त्यागपत्र देने की दशा में वरीयता सूची से आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा। वर्तमान विज्ञापन की प्रक्रिया में आवेदित आवेदकों की वरीयता सूची प्रथमतः छः माह तक वैध होगी जिसे आवश्यकतानुसार आगामी छः माह तक वृद्धि की जा सकेगी। संबंधित आईटीआई द्वारा आवश्यकतानुसार वरीयता सूची के आवेदकों को क्रमानुसार कार्यग्रहण हेतु आमंत्रित किया जा सकेगा।

आईटीआई में आवेदकों के कार्यग्रहण की जानकारी , संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, उज्जैन में प्रेषित करेंगे ,इस हेतु प्राचार्य / संस्था प्रमुख द्वारा किसी भी एक कर्मचारी को नामांकित किया जावेगा, नामांकित कर्मचारी द्वारा आवेदकों के आवेदन एवं संबंधित दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से परीक्षण कर एक सेट छायाप्रति आईटीआई में जमा कर, संबंधित मेहमान प्रवक्ता की व्यक्तिगत नस्ती आईटीआई मे संधारित करेगे।

आईटीआई में स्थानांतरण / नवीन पदस्थापना तथा अन्य कारणों से विज्ञापन में दिए पद भरे जा सकते हैं, अतः वरीयता सूची के आवेदक सूची प्रकाशन के पश्चात संबंधित आईटीआई में समय–सीमा में उपस्थित होकर इस बाबत पुष्टि कर लेवें कि पद रिक्त है अथवा नहीं, पद रिक्त ना होने पर वरीयता अनुसार अन्य आईटीआई से संपर्क कर कार्यग्रहण करें।

नियमित प्रशिक्षण अधिकारी की नियुक्ति/स्थानान्तरण या पदोन्नति आदि से पद की पूर्ती होने की स्थिति में कार्य ग्रहण करने के मान से कनिष्ठ मेहमान प्रवक्ता का आमंत्रण स्वतः समाप्त हो जावेगा।

संस्था मे विज्ञप्ति व्यवसाय मे प्रवेश नही होने की दशा मे मेहमान प्रवक्ता को आमंत्रण पत्र जारी नही किया जावेगा, इस संबंध किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति एवं शिकायत स्वीकार नही की जावेगी।

**11. मानदेय**

ट्रेड एवं ड्राइंग गणित के पद हेतु अधिकतम राशि रुपये 20,000/– प्रतिमाह मानदेय के रुप में दिया जायेगा।

MPPLR

उपस्थित दिवस की संख्या

$$\text{मानदेय} = \frac{\text{उपस्थित दिवसो की संख्या}}{\text{माह के कुल कार्य दिवस की संख्या}} \times 20{,}000 \text{ (रु)}$$

**12. कार्य अवधि**

अधिकतम 11 माह अथवा सत्र समाप्ति तक अथवा नियमित पदस्थापना/स्थानांतरण अथवा अन्य शासकीय कारणों से पद भरे जाने तक ।

**13.** मेहमान प्रवक्ताओं के चयन संबंधी समस्त कार्यवाहियों क्षेत्रीय संयुक्त संचालक अपने मार्गदर्शन में संपादित करायेंगे तथा संस्था स्तर पर यदि कोई समस्या होती है तो उसका निराकरण क्षेत्रीय संयुक्त संचालक अपने स्तर से करेंगे

**संयुक्त संचालक, कौशल विकास,**
**उज्जैन क्षेत्र उज्जैन म0प्र0**

MPPLR

## मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु
## इंडेक्स

**आवेदित संस्था का नामः–**

**व्यवसाय का नाम :–**

| स0क | दस्तावेजों का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संचयी योग |
|---|---|---|---|
| 1 | मेहमान प्रवक्ताओं के आमंत्रण हेतु आवेदन | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 2 | हाई स्कूल की अंकसूची | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 3 | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 4 | विज्ञापन अनुसार अनिवार्य शैक्षणिक योग्यताएं की अंकसूचियां एवं प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतिया | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 5 | विज्ञापन अनुसार उच्चतर योग्यता की अंकसूचियां एवं प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 6 | विज्ञापन अनुसार अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां (ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20/02/2026 तक जारी प्रमाण पत्र ) | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 7 | मध्यप्रदेश का मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति। (प्रमाण पर में गोलसील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20/02/2026 तक का जारी प्रमाण पत्र) | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 8 | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी. म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने का दिलांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के आरी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) (ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20/02/2026 तक का जारी प्रमाण पत्र) | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 9 | दिव्यांग होने की स्थिति में दिव्यांगता का प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति।(दिनांक 20/02/2026 तक का प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है) | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 10 | अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र। कोई एक (आधार कार्ड /मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/बैंक पासबुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने पर नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |
| 11 | अन्य दस्तावेज जो आवेदक प्रस्तुत करना चाहते है। | पृष्ठ क्र. ........से........ तक | |

"प्रारूप–अ"

# आवेदन पत्र का प्रारूप

..............................................................................व्यवसाय मे मेहमान प्रवक्ता आमंत्रित करने हेतु आवेदन पत्र।

प्रति,

| |
|---|
| आवेदक अपना पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं हस्ताक्षरित कर चस्पा करें । |

**प्राचार्य,**
**शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था**
**उद्यन मार्ग, बागेश्वरी मंदिर के सामनें,**
**उज्जैन पिन कोडः– 456001**
**मध्यप्रदेश**

1) आवेदक का नाम (हिन्दी मे) :–..............................................................................

अंग्रेजी मे (केपिटल अक्षरो मे) :–..............................................................................

2) पिता/पति का नाम :–..............................................................................

3) पत्र व्यवहार का पता :–..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

4) स्थाई पता :–..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

5) मोबाईल नम्बर :–..............................................................................

6) ई–मेल आई डी :–..............................................................................

7) जन्मतिथि (अंको मे) प्रमाण पत्र संलग्न करें :–..............................................................................

जन्मतिथि (शब्दो मे) :–..............................................................................

8) दिनांक 01.01.2026 को आयु :–...................................वर्ष.......................................माह............

9) क्या आवेदक म0प्र0 का निवासी है? :–हॉ/नही..............................................................................

10) जन्म स्थान :–..............................................................................

11) वर्ग (अना/अजा/अजजा/अपिव) :–..............................................................................

12) विकलांगता का प्रकार एंव प्रतिशत :–..............................................................................

13) क्या आप विवाहित है? :–हॉ/नही..............................................................................

यदि हॉ तो विवाह की तिथि :–..............................................................................

विवाह के समय आयु :–..............................................................................

जीवित बच्चों की संख्या :–..............................................................................

अंतिम बच्चे का जन्म दिनांक :–..............................................................................

दिनांक 26.01.2001 के पश्चात जन्मेः–..............................................................................
बच्चो की संख्या

14) शैक्षणिक एंव तकनीकी योग्यताऐं (प्रमाणपत्रो की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करे)

| कं | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक / प्राप्तांक | प्राप्ताकों का प्रतिशत | प्रमाण प्रत्र कमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15) अनुभव

| कं | पद का नाम | नियोक्ता का नाम | वेतन | अवधि | | कुल अवधि | प्रमाण कमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से | कब तक | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

16) संलग्न अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रो की कुल संख्या .................

दिनांक.........................
स्थान .........................

**आवेदक के हस्ताक्षर एंव पूरा नाम**

<u>घोषणा पत्र</u>

मै शपथपूर्वक कथन करता / करती हूँ कि उपरोक्त आवेदन पत्र मे दी गई जानकारी सही है यदि कोई जानकारी गलत या असत्य पाई जाती है, तो इसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूगां / रहूंगी।

दिनांक.........................

**आवेदक के हस्ताक्षर एंव पूरा नाम**

मेहमान प्रवक्ताओं हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने हेतु समय सारणी

| स. क्र. | कार्य | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित करना । | 11.06.2026 |
| 2 | आवेदन करने की आरंभ तिथि। | 15.06.2026 |
| 3 | आवेदन करने की अंतिम तिथि। | 22.06.2026 |
| 4 | समीति द्वारा आवेदन जाँच किये जाने किये जाने की तिथि । | 24.06.2026 |
| 5 | समीति द्वारा मेरिट सूची प्रदर्शन करना । | 24.06.2026 |
| 6 | मेरिट सूची अनुसार प्रथम चरण हेतु कार्यग्रहण। | 25.06.2026 |
| 7 | मेरिट सूची अनुसार द्वीतीय चरण हेतु कार्यग्रहण। | 29.06.2026 |
| 8 | मेरिट सूची अनुसार तृतीय चरण हेतु कार्यग्रहण। | 30.06.2026 |

संयुक्त संचालक, कौशल विकास,
उज्जैन क्षेत्र उज्जैन म0प्र0